# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दूरभाष : 0121–2763323
संदर्भ : सीक्रेसी/3036
दिनांक : 18.11.2019

**अत्यावश्यक / महत्वपूर्ण**

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : फरवरी / मार्च 2020 में आयोजित होने वाली संस्थागत / व्यक्तिगत मुख्य वार्षिक परीक्षा–2020 से सम्बन्धित स्नातक स्तर पर अन्तिम वर्ष तथा एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष सहित परास्नातक (केवल व्यक्तिगत) स्तर पर द्वितीय वर्ष के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रश्न–पत्रों की परीक्षा ओ0एम0आर0 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ 100 प्रश्नों पर आधारित पैटर्न पर ही कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में संज्ञान में लाना है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र पत्रांक सीक्रेसी / 2366 दिनांक 20.09.2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष (केवल व्यकितगत), B.Sc. III Year ( Microbiology), B.Sc. III Year ( F.Sc. & Q.C.) एवं B.Sc. III Year ( Geology) से सम्बन्धित परीक्षा 100 प्रश्न वाली बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ पेपर पैटर्न पर आधारित न होकर वर्ष 2020 की परीक्षा विस्तृत उत्तरीय प्रश्न–पत्रों वाले पैटर्न पर आयोजित होगी, के सन्दर्भ में अवगत करया गया था। **परन्तु अब इस परिप्रेक्ष्य में में संकायाध्यक्ष (वाणिज्य) के पत्र दिनांक 05.11.2019 द्वारा पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 07.06.2019 में लिये गये निर्णय को वापिस लिये जाने तथा मुख्य वार्षिक परीक्षा फरवरी / मार्च 2020 से सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रमों में एकरूपता (Similar Pattern) को दृष्टिगत कर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व प्रेषित पत्र, पत्रांक सीक्रेसी / 2366 दिनांक 20.09.2019 को निरस्त करते हुए निर्णय लिया गया है कि संस्थागत / व्यक्तिगत मुख्य वार्षिक परीक्षा–2020 में एम0कॉम0 (द्वितीय वर्ष) सहित स्नातक स्तर पर अन्तिम वर्ष / परास्नातक (केवल व्यक्तिगत) स्तर पर द्वितीय वर्ष से सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षा विगत वर्ष की भांति 100 प्रश्नों वाली बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ पेपर पैटर्न पर आधारित होगी। यहां विशेष उल्लेखनीय है कि स्नातक स्तर पर प्रथम / द्वितीय वर्ष तथा परास्नातक (व्यक्तिगत) प्रथम वर्ष में प्रश्न–पत्रों का पैटर्न विगत वर्ष (यानि वर्ष 2019 की परीक्षा जिस पैटर्न पर आधारित हुई थी) की भांति ही रहेगा।**

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि उक्त महत्वपूर्ण निर्णय से सभी सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को अवगत कराने एवं तदनुसार पठन–पाठन सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।

असुविधा के लिए खेद है।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. आशुलिपिक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
03. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आश्य के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क सम्मानित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु आवश्य कार्यवाही करने का कष्ट करें।
04. प्रभारी विश्वविद्यालय वैबसाईट को विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

परीक्षा नियंत्रक

18/11/19

Scanned by CamScanner